सात
छोटे डाकिए
मार्गरेट वाइज ब्राउन
EXPRESS
U.S. MAIL
U.S. MAIL
U.S. MAIL
THIS SIDE UP
U.S. MAIL

एक लड़के के पास एक रहस्य - एक आश्चर्य था.

जिसे वो अपनी दादी को बताना चाहता था.

इसलिए उसने अपने रहस्य को डाक के ज़रिए भेजा.

उसका पत्र, इस कहानी का विषय है.

यह डाक ले जाने वाले सात छोटे डाकियों की कहानी है.

क्योंकि पत्र में एक रहस्य था

इसलिए लड़के ने उसे लाल लाख से सील किया,

अगर कोई सील तोड़ता तो रहस्य बाहर आ जाता.

फिर उसने पत्र को मेल बॉक्स में डाल दिया.

पहले छोटे डाकिए ने उसे मेल बॉक्स से निकाला
और अपने बैग में डाला और फिर वो
सत्रह ब्लॉक चलकर बड़े डाकघर में पहुंचा
जो पूरी तरह से पत्थरों से बना था.

रहस्य वाला पत्र एक मेज पर डाला गया
जहाँ तमाम अन्य छोटे-बड़े भी पत्र पड़े थे
और उन सभी पर बड़े डाकघर
का ठप्पा लगाए जाने की जरूरत थी

स्टैम्प स्टैम्प, क्लिक-क्लिक,

मशीन तेज़ी से पत्रों पर ठप्पे लगाती गई.

रहस्य वाले पत्र पर आखिरकार ठप्पा लग गया

टिकट के ऊपर गोल काले घेरे ने बताया कि वो

स्टामपिंग मशीन से गुजर चुका था!

बड़े पत्र, छोटे पत्र

पतले और लंबे पत्र!

दूसरे छोटे डाकिए ने

सभी पत्रों को छाँटा.

उनने पत्रों को

पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण

तक छाँटा.

"और यह पत्र

पश्चिम की ओर जाना चाहिए,"

दूसरे छोटे डाकिए ने कहा,

अपनी छाती खुजलाते हुए.

इसे डाक थैली में डाल दो

फिर उसे कसकर बंद कर दो

गुप्त पत्र को

पूरी रात यात्रा करनी होगी.

तीसरा छोटा डाकिया बड़ी मेल गाड़ी लेकर

जल्दी से एक चौराहे पर गया जहाँ प्रतीक्षा कर रही थीं

हरी, पीली और बैंगनी रंगों की गाड़ियां,

वे सभी रुक गईं. कहने को कुछ भी नहीं था.

डाक ट्रक को पहले जाने का अधिकार था!

डाक को पहले जाना ही चाहिए!"

ऊपर आसमान में, बारिश और ओलों में

हवाई जहाज तेज़ी से डाक लेकर गया.

पायलट ने हवा की भंवरों में उड़ते हुए

विमान को बहुत तेज़ी से मंज़िल तक पहुंचाया.

शाम की ट्रेन के लिए डाक तैयार थी.

डाक थैली बड़े हुक से खंबे से लटकाई गई!

इंजन चमकती हुई पटरियों पर दौड़ता आया

और फिर चौथे छोटे डाकिए ने एक हुक से

डाक थैली को ट्रेन के अंदर खींचा.

ट्रेन दहाड़ती हुई

धुएं और सीटी के साथ आगे बढ़ती गई

और फिर चौथे छोटे डाकिए

ने डाक छाँटना शुरू की.

ट्रेन डाक लेकर चली रात के अँधेरे में

बिजली से रोशन रेल के डाक डिब्बे में

डाकियों ने अपना काम किया

एक देहात में

गाँव की सड़क पर

पाँचवाँ छोटा डाकिया,

उस डाक का इंतज़ार कर रहा था.

डाक क्लर्क ने

डाक थैली को पूरी ताकत से

पाँचवें छोटे डाकिया

के पास फेंका

जिसने उसे कसकर पकड़ा.

फिर वह चला

घाती के किनारे

पहाड़ी के ऊपर

जब तक कि

वह एक छोटे से शहर में

नहीं पहुँचा

शहर बहुत छोटा था—

इतना छोटा—

कि वहाँ कोई डाकघर

तक नहीं था.

छठे छोटे डाकिए ने

बड़े-बड़े बूट पहने

पत्रों को विभिन्न मार्गों

के अनुसार छाँटा —

कुछ नदी के पास,

कुछ पहाड़ी के ऊपर.

लेकिन गुप्त पत्र को

अभी और आगे जाना था.

आर.एफ.डी. पर सातवाँ छोटा डाकिया

उस रास्ते पर रहने वाले लोगों के लिए

पत्र और कागज़ात, मुर्गियाँ और फल लादकर बढ़ा.

उसके पास

ट्रैक्टर के लिए पुर्जे थे

और अभिनेता के लिए एक विग

और छोटे लड़के के लिए

जो अपने पिछवाड़े में खेल रहा था.

के लिए था एक मज़ेदार पोस्टकार्ड.

उसके पास सैली के लिए कुछ था

और सैम के लिए भी कुछ

और मिसेज पॉटर के लिए कुछ चीज़ें थीं

जो जैम बनाने में व्यस्त थी.

उसके पास मिसेज पिकेंस
के लिए दर्जनों मुर्गियाँ थीं

और मिसेज मैककार्टी
के लिए एक पार्टी ड्रेस.

सड़क के आखिरी घर में उस लड़के की दादी रहती थीं जिसने वो रहस्य वाला पत्र भेजा था. दादी ने पूरे दिन कामना की थी कि उनका पोता उनसे मिलने आए. क्योंकि वह एक छोटे से घर में बिल्कुल अकेली रहती थीं इसलिए कभी-कभी उन्हें बहुत अकेलापन महसूस होता था.

डाकिए ने सीटी बजाई और उन्हें वो
लाल लाख वाला पत्र दिया - गुप्त पत्र!

"वाह! यह पत्र किस बारे में है?"

वाह! अब रहस्य बाहर आएगा!

पत्र में क्या लिखा है?

प्यारी दादी,

मैं इस शनिवार को मैं आपसे मिलने आ रहा हूँ.

मेरी बिल्ली के सात बच्चे जने हैं और मैं आपके लिए एक बिल्ली का बच्चा लेकर आ रहा हूँ.

डाकिया मेरा दोस्त है.

आपका पोता

थॉमस

सात छोटे डाकिए

सात छोटे डाकिए

बारिश, बर्फ, हवा और ओलों के बीच

बर्फ, बारिश और रात के अँधेरे में

सात छोटे डाकिए

नज़र से ओझल.

ज़मीन और समुद्र के ऊपर

हवा और रोशनी के बीच

बर्फ, बारिश और रात के अँधेरे में

अपने पत्र पर एक टिकट लगाएँ

और उसे कसकर सील करें.